कोटद्वार, शुक्रवार
16 जनवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 236 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बाघ का जोड़ा दिखने से क्षेत्र में हड़कंप

हल्द्वानी। जंगलिया गांव में बाघ का जोड़ा दिखने से ग्रामीणों में डर का माहौल है। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने बताया कि जंगलिया गांव के तोक शिमाला, नौली, चुनौती और एक्सा तोक में बाघ का जोड़ा दिख रहा है। वर्ष 2023 में भी जंगलिया गांव से ही बाघ पकड़ा गया था। बाघ के दिखने के बाद से ही ग्रामीणों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। महिलाएं जंगल नहीं जा पा रही हैं। वहीं शाम होने से पहले ही ग्रामीण घर के अंदर रहने पर मजबूर है। जिसके चलते वन विभाग से क्षेत्र में गश्त करने, ट्रैप कैमरा लगाने और जंगल के पास निवास कर रहे ग्रामीणों के घर के पास सोलर लाइट लगाने की मांग की।

### काशीपुर के किसान का आखिरी वीडियो ही एफआईआर है: हरीश

बागेश्वर। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने काशीपुर में किसान खुशवंत के आत्महत्या मामले को गंभीर बताया है। कहा कि किसान का आखिरी वीडियो ही एफआईआर है। उसका संज्ञान लेते हुए जिम्मेदार पर कार्रवाई होनी चाहिए। गुरुवार को पिंडारी मार्ग स्थित नरेंद्रा पैलेस में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि अंकिता हम शर्मिंदा हैं। तेरे कातिल जिंदा है। वीआईपी कौन है। सत्ता में बैठे मौन है।

### संदिग्ध परिस्थिति में डंपर चालक की मौत

काशीपुर। कुंडेश्वरी क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक डंपर चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। ग्राम महतावन निवासी 40 वर्षीय रंजीत सिंह पुत्र स्व. प्यारा सिंह डंपर चालक थे। परिजनों के अनुसार वह बीते कई दिनों से काम न मिलने के कारण घर पर थे। बुधवार दोपहर वह घर से कहीं चले गए थे। शाम करीब छह बजे घर लौटते ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उन्हें आनन–फानन में एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जहरीला पदार्थ सेवन करने की आशंका जताते हुए हालत गंभीर बताई और हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि रंजीत सिंह परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके निधन से पत्नी, दो बेटियां जसनदीप (17), पवन (9) और बेटा हर्ष सिंह (18) का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आग की चेतावनी!, 190 यात्रियों को लेकर एक घंटे तक हवा में घूमा एयर इंडिया का विमान

नई दिल्ली , राजधानी दिल्ली से सिंगापुर जा रही एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय उड़ान को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी समस्या के चलते वापस दिल्ली लाना पड़ा। इस फ्लाइट में करीब 190 यात्री सवार थे। सूत्रों के मुताबिक, इस रूट पर ऑपरेट किया जा रहा ड्रीमलाइनर विमान टेक्निकल अलर्ट के कारण सवालों के घेरे में आ गया। जानकारी के अनुसार, विमान के ‚ऑक्सिलरी पावर यूनिट) में आग लगने की चेतावनी मिली थी। इसके बाद फ्लाइट लगभग एक घंटे तक हवा में रहने के बाद दिल्ली एयरपोर्ट लौट आई।

**सुरक्षित लैंडिंग, यात्रियों को मिली वैकल्पिक व्यवस्था**

एयरक्राफ्ट की दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। इसके बाद एयर इंडिया ने यात्रियों को दूसरे विमान से सिंगापुर भेजने की व्यवस्था की। एयरपोर्ट पर मौजूद ग्राउंड स्टाफ ने यात्रियों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि 14 जनवरी को दिल्ली से सिंगापुर जा रही फ्लाइट 2380 के ऑपरेटिंग क्रू ने टेकऑफ के तुरंत बाद एक संदिग्ध तकनीकी संकेत मिलने पर एहतियातन वापसी का फैसला लिया। प्रवक्ता ने कहा, "विमान को दिल्ली में पूरी तरह सुरक्षित उतार लिया गया। हमारी ग्राउंड टीम ने यात्रियों को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराईं और फ्लाइट को दूसरे एयरक्राफ्ट से सिंगापुर के लिए रवाना किया गया।" एयर इंडिया ने इस अचानक उत्पन्न हुई स्थिति के कारण यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद भी जताया।

# ममता–ईडी विवाद में सुप्रीम कोर्ट का ममता सरकार को नोटिस

**दो हफ्तों में देना होगा जवाब**



नई दिल्ली ,सुप्रीम कोर्ट ने पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक के कार्यालय और सह-संस्थापक प्रतीक जैन के आवास पर छापेमारी से जुड़े ईडी मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल पुलिस को निर्देश दिया है कि वे छापेमारी से संबंधित सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित रखें। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और डीजीपी राजीव कुमार पर छापेमारी के दौरान कार्रवाई में बाधा डालने का आरोप लगाया है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री स्वयं आरोपी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने डीजीपी की मौजूदगी में व्यक्तिगत रूप से चोरी की, जबकि डीजीपी की भूमिका इसमें सहयोगी की थी। दलीलें सुनने के बाद जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की बेंच ने पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर रोक लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि ईडी की ओर से दायर याचिकाओं में गंभीर सवाल उठाए गए हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर ऐसे मुद्दों को अनसुलझा रहने दिया जाता है, तो इससे एक या एक से अधिक राज्यों में 'अराजकता की स्थिति पैदा हो सकती है।' इसे देखते हुए जस्टिस मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार, कोलकाता पुलिस कमिश्नर और अन्य को नोटिस जारी किया। बेंच ने प्रतिवादियों को अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई 3 फरवरी को तय की। अपने अंतरिम आदेश में शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख तक तलाशी वाले परिसरों के साथ-साथ आसपास के इलाकों की रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी फुटेज और अन्य स्टोरेज डिवाइस को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सिब्बल और सिंघवी की दलीलों को भी आदेश में दर्ज किया। सिब्बल और सिंघवी ने कहा कि ये याचिकाएं सुनवाई के लायक नहीं हैं।

## 11वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत टिहरी विस्थापित कॉलोनी में 11वीं कक्षा के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, जबकि इलाके में शोक की लहर है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अभिनव चौहान (17 वर्ष) पुत्र समीर चौहान उर्फ कुलदीप चौहान के रूप में हुई है। अभिनव 11वीं कक्षा का छात्र था और ऑनलाइन पढ़ाई कर रहा था। वह परिवार का इकलौता बेटा था। उसके पिता फरीदाबाद में एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं और घटना के समय घर पर मौजूद नहीं थे। परिजनों ने बताया कि बीती रात करीब दो बजे अभिनव खाना खाकर अपने कमरे में गया था। रात तीन बजे तक किसी से फोन पर बात करता रहा। इसके बाद सुबह जब उसकी मां उसे देखने कमरे में गईं तो उन्होंने देखा कि अभिनव फांसी के फंदे से लटका हुआ था। यह दृश्य देखते ही मां बदहवास हो गईं और परिवार में चीख–पुकार मच गई। सूचना मिलने पर रानीपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

# आक्रोशित भक्तों ने तोड़ा गेट, तब परिक्रमा कर गद्दीस्थल पर विराजमान हुई डोली



रुद्रप्रयाग। 15 वर्षों के बाद भ्रमण पर निकली ऋषि अगस्त्य मुनि महाराज की दिवारा यात्रा के दूसरे दिन भी गहमागहमी देखने को मिली। डोली बृहस्पतिवार को दोबारा क्षेत्र भ्रमण के लिए बाहर निकली और मैदान स्थित गद्दीस्थल पहुंचने पर पुनः रुक गई। डोली ने गद्दीस्थल पहुंचने की कई बार कोशिश की लेकिन यहां गेट होने की वजह से डोली अंदर नहीं जा पाई। प्रशासन की ओर से गेट न हटाए जाने से आक्रोशित भक्तों ने स्वयं ही ड्रिल मशीन व हथौड़ों से गेट को ध्वस्त कर दिया। इस हंगामे के कारण हाईवे पर करीब पांच घंटे तक जाम लगा रहा और ऋषि अगस्त्य मुनि महाराज की डोली सड़क पर ही रुकी रही। मकर संक्रांति पर 15 वर्षों के बाद दिवारा यात्रा पर निकली ऋषि अगस्त्य मुनि महाराज की डोली बृहस्पतिवार को पुनः क्षेत्र भ्रमण के लिए निकली। अगस्त्यमुनि मैदान (सैण) स्थित गेट के कारण डोली अंदर प्रवेश नहीं कर पाई। बीते बुधवार को भी डोली इसी कारण लौट गई थी। भक्तों ने आरोप लगाया कि यह यात्रा का रास्ता था और यहां निर्माण कर दिया गया। प्रशासन से बार–बार गेट तोड़ने की मांग कर चुके हैं लेकिन जिलाधिकारी की हनक और अनदेखी के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद आक्रोशित भक्तों ने खुद ही गेट पर चढ़कर उसे तोड़ना शुरू कर दिया। लगभग पांच घंटे की मशक्कत के बाद शाम 4 बजे गोल गेट टूटा और डोली ने अगस्त्यमुनि मैदान की परिक्रमा की और अपने गद्दीस्थल पर विराजमान हुई। वहां महाराज ने भक्तों की कुशलक्षेम जानी और शाम को दोबारा मंदिर के लिए प्रस्थान किया।

जाम में फंसी एम्बुलेंस, चरमराई यातायात व्यवस्थाः डोली के हाईवे पर रुकने और गेट तोड़ने की कार्रवाई के कारण अगस्त्यमुनि बाजार में दोपहर 12:30 बजे से भारी जाम लग गया। केदारनाथ और रुद्रप्रयाग की ओर जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस जाम में एंबुलेंस भी घंटों फंसी रही। पुलिस को यातायात सुचारु करने के लिए तिलवाड़ा और गंगानगर से वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजना पड़ा। शाम 4 बजे गेट टूटने के करीब आधा घंटे बाद ही आवाजाही सामान्य हो सकी।

बिजली–पानी नहीं, जनता रही बेहाल : एक ओर जहां आस्था का सैलाब उमड़ा था वहीं दूसरी ओर अगस्त्यमुनि नगर क्षेत्र में दिनभर बिजली और पानी की आपूर्ति ठप रहने से जनजीवन अस्त–व्यस्त रहा। ऑनलाइन कार्य, व्यवसाय और छात्रों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित रही। पानी की किल्लत के कारण होटल व्यवसायियों और स्थानीय लोगों ने स्त्रोतों से पानी भरा। देर शाम बिजली तो बहाल हुई लेकिन पानी की समस्या बनी रही।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में सरकार का ऐतिहासिक कदम

## ‘स्वस्थ सीमा अभियान’ के अंतर्गत आईटीबीपी एवं राज्य सरकार के मध्य एमओयू संपन्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में आज मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड शासन एवं भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के मध्य स्वस्थ सीमा अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने, स्थानीय नागरिकों को आजीविका से जोड़ने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े क्षेत्रों में स्थायित्व सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। राज्य सरकार सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इस एमओयू का उद्देश्य पिथौरागढ़, चमोली एवं उत्तरकाशी जनपदों के अंतर्गत स्थित 108 सीमावर्ती गांवों में निवासरत नागरिक आबादी को एकीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। यह अभियान चरण-1 के रूप में प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके माध्यम से दुर्गम एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित किया जाएगा। एमओयू के तहत भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), मुख्यालय उत्तरी सीमांत, देहरादून को प्रथम पक्ष तथा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखंड सरकार को द्वितीय पक्ष के रूप में नामित किया गया है। समझौते के अनुसार, आईटीबीपी द्वारा योग्य चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ तथा उपलब्ध एमआई रूम एवं टेली-मेडिसिन सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीमावर्ती गांवों का नियमित भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही लाभार्थियों के मेडिकल हेल्थ कार्ड/रिकॉर्ड का रख-रखाव एवं उपकरणों, दवाइयों तथा उपभोग्य सामग्रियों का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं उत्तराखंड सरकार द्वारा संबंधित गांवों के जनसांख्यिकीय आंकड़े उपलब्ध कराए जाएंगे तथा प्रारंभिक स्तर पर आवश्यक चिकित्सा उपकरण प्रदान किए जाएंगे। उपभोग के आधार पर प्रत्येक छः माह में दवाइयों एवं अन्य सामग्रियों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। आपातकालीन परिस्थितियों में निकासी, दूरसंचार सहायता तथा उपकरणों के स्वामित्व एवं आवश्यक प्रतिस्थापन की जिम्मेदारी भी राज्य सरकार द्वारा निभाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ सीमा अभियान सीमावर्ती क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। यह न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सीमावर्ती गांवों में विश्वास, सुरक्षा और स्थायित्व को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि सरकार सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और यह एमओयू उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## लापता युवक की संदिग्ध हालात में मौत, हरबर्टपुर में मिला शव

विकासनगर। बीते बुधवार की सुबह से लापता हुए युवक का शव गुरुवार को संदिग्ध अवस्था में आमबाग हरबर्टपुर से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। इसके लिए मृतक के दोस्तों और अन्य जानकारों से पूछताछ की जा रही है। कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि रिता देवी, निवासी हरिपुर हरबर्टपुर ने कोतवाली ने अपने पुत्र मौंटी पांडे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। जिसके बाद गुमशुदा युवका का शव संदिग्ध परिस्थितयों में आमबाग हरबर्टपुर से बरामद हुआ। कोतवाल ने बताया कि जब मृतक के शव का मुआवना किया गया तो उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। केवल उसकी दाहिनी आंख अंदर की ओर धंसी हुई थी। शव के आसपास पुलिस को नशे करने के लिए प्रयुक्त स्वायल पेपर, इंजेक्शन, लाइटर बरामद हुआ था। बताया कि मौके पर फील्ड यूनिट और एफएसएल की टीम बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए गए।

# भतरौजखान क्षेत्र में कार खाई में गिरी, चालक की मौत



अल्मोड़ा। जिले में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। भतरौजखान थाना क्षेत्र में जिहाड़ और तराड़ी के बीच एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वाहन संख्या यूके20टीए–8080 अर्टिगा अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 300 मीटर नीचे खाई में गिर गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही भतरौजखान थाना पुलिस के साथ ही फायर स्टेशन रानीखेत और एसडीआरएफ की टीमें तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। हादसे में चालक कुबेर सिंह, उम्र लगभग 40 वर्ष, पुत्र भूपाल सिंह, निवासी कमेटपानी बासोट की मौत हो गई। पुलिस और रेस्क्यू टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से चालक के शव को खाई से बाहर निकालकर सड़क तक पहुंचाया। एहतियात के तौर पर आसपास सर्च अभियान भी चलाया गया। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार वाहन में चालक के अलावा कोई अन्य सवार नहीं था। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर ने एक न्यू नॉर्मल स्थापित किया :जनरल उपेंद्र द्विवेदी



जयपुर , भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक न्यू नॉर्मल स्थापित किया है। इस ऑपरेशन ने भारतीय सेना की तेज प्रतिक्रिया, बेहतर समन्वय और सटीक कार्रवाई की क्षमता को दर्शाया। यह एक परिपक्व, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार बल की तस्वीर प्रस्तुत करता है, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सक्षम है। सेना प्रमुख ने सेना दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में भारतीय सेना की सोच में एक स्पष्ट बदलाव आया है। हम केवल वर्तमान चुनौतियों पर ही नहीं, बल्कि भविष्य के युद्धों की तैयारी पर भी गंभीरता से काम कर रहे हैं। इसी दिशा में नई संरचनाएं बनाई जा रही हैं, जिन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार लैस और ट्रेन किया जा रहा है। इस परिवर्तन प्रक्रिया के अंतर्गत भैरव बटालियन, अशनि प्लाटून, शक्तिबान रेजीमेंट और दिव्यास्त्र बैटरी जैसी नई इकाइयां खड़ी की गई हैं। ये संरचनाएं भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप एक चुस्त, तत्पर एवं मिशन–केंद्रित सेना के निर्माण को दर्शाती हैं। सेना प्रमुख ने कहा, हमारे इस परिवर्तन की आधारशिला आत्मनिर्भरता है। इसकी झलक आपको परेड के दौरान मेड इन इंडिया उपकरणों द्वारा देखने को मिली होगी। भारतीय सेना को भविष्य में भी ऐसे हथियार प्रणालियों और उपकरण चाहिए, जो भारत में ही डिजाइन और डेवलप किए गए हों। स्वदेशी अब केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि एक रणनीतिक आवश्यकता बन चुकी है। हम द्वि–उपयोगी संसाधनों पर भी विशेष जोर दे रहे हैं, ऐसे संसाधन जो सेना और सिविलियन दोनों उद्देश्यों के लिए उपयोगी हों। जो इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन सेना के लिए विकसित हो, वह देश के समग्र विकास में भी योगदान दे।


## ईरान ने बंद किया एयरस्पेस, एयर इंडिया–इंडिगो समेत कई एयरलाइंस ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली , ईरान में लगातार बिगड़ते हालात का असर अब अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाओं पर भी साफ दिखने लगा है। सुरक्षा कारणों के चलते ईरान ने अपना हवाई क्षेत्र पूरी तरह बंद कर दिया है। इसके चलते एयर इंडिया, इंडिगो समेत कई प्रमुख एयरलाइंस ने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइंस के अनुसार, ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण इस रूट से गुजरने वाली अधिकांश उड़ानों को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जा रहा है। इससे उड़ानों के समय में देरी होने की आशंका है, जबकि कुछ फ्लाइट्स को रद भी करना पड़ा है।

**एयर इंडिया की एडवाइजरी**

एयर इंडिया ने यात्रियों को जारी एडवाइजरी में कहा है, ईरान में बन रहे हालात के चलते वहां का एयर स्पेस बंद कर दिया गया है। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एयर इंडिया की उड़ानें वैकल्पिक रूट से संचालित की जा रही हैं, जिससे कुछ फ्लाइट्स में देरी हो सकती है। एयर इंडिया ने आगे बताया कि कुछ उड़ानों के रूट में बदलाव संभव नहीं होने के कारण उन्हें रद किया गया है।

# ईडी ने सुमाया ग्रुप पर कसा शिकंजा, 35 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त



मुंबई ,प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई जोनल ऑफिस ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत एम/एस सुमाया ग्रुप और उसके सहयोगियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने लगभग 35.22 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। इनमें बैंक बैलेंस, डीमैट होल्डिंग्स और म्यूचुअल फंड जैसी चल संपत्तियां शामिल हैं, साथ ही दो अचल संपत्तियां भी हैं। यह कार्रवाई वर्ली पुलिस स्टेशन में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर शुरू हुई जांच का हिस्सा है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत सुमाया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, उसके प्रमोटरों और अन्य व्यक्तियों तथा संस्थाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि इन लोगों ने भविष्य के 'नीड टू फीड प्रोग्रामझ् के फायदों का झांसा देकर 137 करोड़ रुपए की रकम का गबन किया।

ईडी की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। सुमाया ग्रुप और उसके सहयोगियों ने फंड और ट्रेड फाइनेंसिंग हासिल करने के लिए हरियाणा सरकार का एक फर्जी अनुबंध तैयार किया। इसकी आड़ में उन्होंने गैर–मौजूद कारोबारी गतिविधियों को असली टर्नओवर के रूप में पेश किया।

जांच से पता चला कि ग्रुप की कंपनियों से मिले फंड को प्रमोटर उशिक गाला ने एक एजेंट के जरिए दिल्ली और हरियाणा की फर्जी कृषि व्यापारी संस्थाओं को भेजा। इसका मकसद नकली खरीद को असली दिखाना था। वास्तव में कोई कृषि उत्पाद की खरीद हुई ही नहीं। इसके बजाय ये डायवर्ट किए गए पैसे अन्य शेल कंपनियों से नकद और आरटीजीएस एंट्री के मिश्रण से उशिक गाला के पास वापस लौटाए गए।

इस घोटाले में सुमाया ग्रुप ने बड़े स्तर पर फर्जी व्यापार की साजिश रची। उन्होंने नकली चालान और लॉरी रसीदें बनाईं, जिससे 5,000 करोड़ रुपए के सर्कुलर लेनदेन हुए।

# सेना दिवस पर पीएम मोदी ने किया भारतीय सेना के शौर्य को सलाम

## राष्ट्रपति से गृह मंत्री तक गूंजा सम्मान का स्वर



नई दिल्ली , सेना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के शीर्ष संवैधानिक पदों पर आसीन नेताओं ने भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन और बलिदान को सलाम किया। इस मौके पर हर नेता के संदेश का स्पष्ट फोकस सेना की निस्वार्थ सेवा, राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण और सर्वोच्च बलिदान पर रहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : निस्वार्थ सेवा और अटूट संकल्प का प्रतीक

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय सेना निस्वार्थ सेवा की मिसाल है, जो सबसे कठिन हालात में भी दृढ़ संकल्प के साथ देश की रक्षा करती है। उन्होंने सैनिकों के कर्तव्यबोध को देशवासियों में विश्वास और कृतज्ञता जगाने वाला बताया और कर्तव्य पथ पर शहीद हुए वीरों को नमन किया।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू :एकता, संप्रभुता और मानवता की रक्षक**

राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सेना देश की एकता, संप्रभुता और अखंडता की रक्षा में हमेशा अग्रिम पंक्ति में रही है। उन्होंने सीमाओं के साथ–साथ आपदा, संकट और मानवीय सहायता में सेना की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह : वैश्विक सम्मान और आधुनिक सेना का संकल्प

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने अपने पेशेवर कौशल, अनुशासन और मानवीय सेवा से वैश्विक सम्मान अर्जित किया है। उन्होंने सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार सेना का निर्माण किया जा रहा है।

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन : साहस, अनुशासन और सर्वोच्च बलिदान

उपराष्ट्रपति ने सेना के अधिकारियों, जवानों और पूर्व सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में उनका साहस और बलिदान हर नागरिक को प्रेरणा देता है। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**गृह मंत्री अमित शाह : इतिहास में दर्ज शौर्य की गूंज**

गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज है, जो हर पीढ़ी के भारतीयों में देशभक्ति की भावना को प्रज्वलित करता है। उन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाले वीरों को नमन किया।

## भीषण सड़क हादसा : पिकअप वैन और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में 5 लोगों की मौत, 10 घायल

नई दिल्ली , मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल मे देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा जिले के बेरसिया थाना क्षेत्र में उस समय हुआ, जब एक पिकअप वैन और ट्रैक्टर ट्रॉली की आमने–सामने टक्कर हो गई। ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार लोग मकर संक्रांति के अवसर पर नर्मदापुरम में पवित्र स्नान कर वापस लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

बेरसिया थाना प्रभारी विजेंद्र सेन ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वैन में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। मृतकों की पहचान मुकेश अहिरवार (40), बाबरी बाई (60), दीपक (14), लक्ष्मी बाई (60) और हरि बाई (60) के रूप में हुई है। सभी मृतक मध्य प्रदेश के सिरोंज क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।

# हिमाचल में 3 बच्चों समेत 6 लोगों की जिंदा जलकर मौत

नौहराधार, सिरमौर , हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में बीती रात एक दर्दनाक अग्निकांड में तीन बच्चों समेत छह लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। एक व्यक्ति को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर सोलन अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की पुष्टि स्ष्ठरू संगड़ाह सुनील कायथ ने की है। आधी रात को भड़की आग सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि यह हादसा नौहराधार क्षेत्र के तलांगना गांव में रात करीब तीन बजे हुआ। जिस मकान में आग लगी, वहां कुल सात लोग मौजूद थे। इनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। शॉर्ट सर्किट के बाद घर में रखा स्ह्लक्र सिलेंडर फट गया, जिससे आग ने पूरे मकान को चपेट में ले लिया।

**मेहमानी करने आए थे मृतक**

यह अग्निकांड मोहन लाल के मकान में हुआ। बताया जा रहा है कि सभी मृतक यहां मेहमानी करने आए थे और रात में सो रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। आग की चपेट में आने से कुछ पालतू मवेशियों के भी जिंदा जलने की सूचना है।

**मृतकों की पहचान**

मृतकों की पहचान इस प्रकार हुई है–नरेश पुत्र दुर्गा सिंह, निवासी टपरोली, राजगढ़, तृप्ता पत्नी नरेश, निवासी टपरोली, राजगढ़, कविता पत्नी लोकेंद्र, निवासी खुमड़ा, चौपाल, सारिका पुत्री लोकेंद्र, निवासी खुमड़ा, चौपाल, कृतिका पुत्री लोकेंद्र, निवासी खुमड़ा, चौपाल, कृतिक पुत्र लोकेंद्र, निवासी खुमड़ा, चौपाल।

## सम्पादकीय

### भूमि विवाद मुकदमों की भरमार

राज्य गठन के बाद उत्तराखंड में भूमि संबंधी विभाग के मामले सबसे अधिक तेजी से पंजीकृत हुए हैं। भूमि विवाद के कारण कई आपराधिक वारदातें भी सामने आई है तो भूलेखों में विभागीय कर्मचारियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी एवं जालसाजी के भी प्रकरण चर्चा में रहे। आज भी संपूर्ण उत्तराखंड में भूमि विवाद के मामले लंबित पड़े हुए हैं जिनकी जांच में एक लंबा समय निकल गया है लेकिन इनका निस्तारण नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार ने इन मामलों के तेजी से निस्तारण के लिए निर्देश जारी किए हैं जिसके लिए मुख्य सचिव एवं उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक को निर्देशित किया गया है। उत्तराखंड में पहले से ही कुछ जनपदों में जमीन संबंधी मामलों के निपटारे के लिए एसआईटी का गठन भी किया गया है लेकिन यहां भी सीमित संसाधन एवं स्टाफ के कारण निस्तारण मामलों की संख्या काफी कम है। यही कारण है कि मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं जबकि पुलिस विभाग ऐसे प्रकरणों की जांच पूरी करने में सक्षम साबित नहीं हो पा रहा है। प्रयास है कि अब ऐसे समस्त विवादित मामलों का निस्तारण एक माह की समय–सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा, जिसके लिए इस अभियान के अंत तक भूमि विवादों से जुड़े लंबित मामलों को शून्य स्तर पर लाने के निर्देशन स्तर पर दिए गए हैं।हालांकि इसके लिए बुनियादी स्तर पर एक बड़ी तैयारी की जरूरत है। भूमि विवाद आम नागरिकों की समस्याओं से सीधे जुड़े होते हैं और इनके कारण कानून–व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे विवादों का त्वरित, पारदर्शी और न्यायसंगत समाधान होना चाहिए ताकि प्रभावित लोगों को न्याय मिल सके। मुख्यमंत्री ने भूमि विवाद के मामलों के निस्तारण के लिए अपनी गंभीरता दिखाई तो जरूर है लेकिन व्यावहारिक तौर पर देखा जाए तो एक माह के भीतर हजारों मामलों के निस्तारण में कई प्रकार की तकनीकी एवं विभागीय परेशानियां सामने आ सकती हैं। यहां बेहतर यह होगा कि पहले संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता पर रखा जाए और इसके साथ ही ऐसे मामले जिन्हें एक लंबा समय व्यतीत हो चुका है उन पर कार्रवाई शुरू की जाए। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि थाना स्तर पर भूमि संबंधी विवादों के लिए अलग से स्टाफ की व्यवस्था की जा सकती है जो कि केवल इसी प्रकार के मामलों को लेकर छानबीन करें।

# संघ और भाजपा में क्या है संबंध?

**एस. सुनील**

सभी बातों की बारीकियों को समझे बगैर न तो आरएसएस को समझा जा सकता है, न भारतीय जनता पार्टी को समझा जा सकता है और न दोनों संगठनों के संबंधों को समझा जा सकता है। बहुत अच्छा संयोग है जो संघ प्रमुख ने भी अपने व्याख्यानों से भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया है तो संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने भी समस्त भ्रांतियों को दूर किया है। आशा है कि इससे आरएसएस और भाजपा को समझने की दृष्टि स्पष्ट होगी।

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ यानी आरएसएस की स्थापना के एक सौ वर्ष पूरे हुए हैं। यह अवसर इस सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी संगठन के विचारों के प्रसार के साथ साथ इसके बारे में बनी अनेक प्रकार की भ्रांतियों को दूर करने का भी है। मोहन भागवत स्वंय देश के अलग अलग क्षेत्रों में एक व्याख्यान शृंखला के तहत संघ के उद्देश्यों से लेकर इसके कार्य करने की तरीके और भारतीय जनता पार्टी के साथ इसके संबंधों के बारे में बनी भ्रांतियों को दूर कर रहे हैं। उन्होंने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है कि आरएसएस को भाजपा की दृष्टि से देखने वाले प्रायः गलती कर जाते हैं। ने कहा है कि आरएसएस कोई पैरामिलिट्री फोर्स नहीं है और इसका उद्देश्य किसी का विरोध करना या किसी से लड़ना नहीं है। आरएसएस राष्ट्र निर्माण और लोगों को जोड़ने का काम करता है। इसी बात को एक व्यापक दृष्टि के साथ भाजपा के संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने देश के सामने प्रस्तुत किया है। आरएसएस के मुखपत्र 'पांचजन्यझ को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने भाजपा के कामकाज के तौर तरीके, निर्णय प्रक्रिया, नेतृत्व की भूमिका, संगठन के विस्तार, संगठन व सरकार के साथ समन्वय और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के साथ संबंधों की व्याख्या की है। यह उनका संभवतः पहला विस्तृत साक्षात्कार है। उन्होंने जिस स्पष्टवादिता के साथ सभी प्रश्नों के उत्तर दिए हैं वह समकालीन राजनीति में एक दुर्लभ गुण है।

यह साक्षात्कार कई दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे कई प्रश्नों के उत्तर मिलते हैं और संघ व भाजपा की दूरदृष्टि दिखाई देती है। उदाहरण के तौर पर देश के लोग जानना चाहते हैं कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन का चयन कैसे हुआ। बीएल संतोष से पूछा गया कि भाजपा अपने निर्णयों से अब तक देश को चौंकाती रहती थी क्या अब वह स्वंय को चौंका रही है? उन्होंने एक बहुत ही अच्छे रूपक के साथ इस प्रश्न का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि किसी परिवार में कन्या के विवाह के लिए वर का नाम जब लोगों को बताया जाता है तभी पता चलता है कि कन्या का विवाह किसके साथ होना निर्धारित हुआ है। परंतु इसका यह अर्थ नहीं है कि वर का चयन उसी समय हुआ हो। चयन की प्रक्रिया चल रही होती है और जिस दिन नाम बताया जाता है उस दिन सबको पता चलता है। इसको चौंकाना नहीं कहते हैं।

ऐसे ही राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि सात से आठ महीने पहले इस पर विचार मंथन की प्रक्रिया शुरू हुई। असल में भाजपा के अंदर संगठन के चुनाव की व्यापक प्रक्रिया है। पहले जिला और प्रदेशों में चुनाव होते हैं और उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होता है। इसी प्रक्रिया के तहत नितिन नबीन का चयन हुआ। परंतु यह नहीं समझना चाहिए कि जिस दिन उनके नाम की घोषणा हुई उसी दिन उनका नाम तय हुआ या उसी दिन उनका चयन हुआ। ध्यान रहे जेपी नड्डा का कार्यकाल 2023 में समाप्त हो रहा था परंतु उस वर्ष कई राज्यों के चुनाव थे और अगले साल लोकसभा का चुनाव होना था इसलिए उनको कार्यकाल का विस्तार दिया गया। फिर एक के बाद एक चुनावों की वजह से उनका कार्यकाल बढ़ता गया। पिछले वर्ष दिल्ली विधानसभा का चुनाव संपन्न होने के कुछ समय बाद



चुनावों की प्रक्रिया शुरू हुई और लंबे विचार विमर्श के बाद नितिन नबीन का नाम तय हुआ।

संगठन चुनाव की प्रक्रिया समझाने के बाद उन्होंने बहुत ही विस्तार से संघ और भाजपा के संबंधों की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने विस्तार में, अपनी निर्णय प्रक्रिया में और अपने कामकाज में अनेक शुभचिंतकों से विचार विमर्श करती है और उनकी सलाह लेती है। आरएसएस उसके सबसे बड़े शुभचिंतकों का समूह है। इसके बाद उन्होंने दोनों के संबंधों की व्याख्या करने के लिए जो रूपक गढ़ा वह अद्भुत है। उन्होंने कहा कि आरएसएस तो भाजपा का मायका है। मायका यानी मां का घर है। इस एक वाक्य से उम्मीद करनी चाहिए कि तमाम भ्रांतियां दूर होंगी और सभी प्रश्नों के उत्तर मिलेंगे। आरएसएस की कोख से भाजपा का जन्म हुआ है तो वहां की सलाह ली ही जाएगी। परंतु इसी जगह पर उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि भाजपा अपनी निर्णय प्रक्रिया के लिए स्वतंत्र है। आरएसएस एक प्रेरणा के तौर पर है और प्रेरणा असीमित होती है। इस तरह सारी अस्पष्टता को दूर करते हुए कहा कि आरएसएस से भाजपा को प्रेरणा मिलती है, समय समय पर परामर्श मिलता है लेकिन भाजपा का निर्माण इस तरह से हुआ है कि वह अपने निर्णय करने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र है।

ऐसे ही प्रायः सत्ता, संगठन और विचारधारा को लेकर प्रश्न उठते हैं। इस प्रश्न का भी बेहद सधा हुआ उत्तर संगठन महामंत्री ने दिया। उन्होंने कहा कि विचारधारा के मूल से कोई समझौता नहीं हो सकता है लेकिन सत्ता प्राप्त करना भी राजनीति का उद्देश्य होता है। इसका अर्थ है कि विचारधारा की मूल अवधारणा से समझौता किए बगैर सत्ता प्राप्त करना भाजपा का उद्देश्य है। यह उद्देश्य क्यों है इसे भी उन्होंने विस्तार से समझाया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर सत्ता नहीं होती तो हम अनुच्छेद 370 को हाथ भी नहीं लगा सकते थे। हम अनुच्छेद 35ए को हाथ भी नहीं लगा सकते थे। उन्होंने कहा कि सिर्फ भाषण देने या प्रदर्शन करते रहने से कुछ नहीं बदलता है।

आप जिन संवैधानिक या व्यवस्थागत खामियों का विरोध करते रहे हैं उनके ठीक करने के लिए आपको सत्ता की आवश्यकता होगी। इसलिए भाजपा को सत्ता प्राप्त करने की राजनीति करने में कोई हिचक नहीं है। उन्होंने यहां स्पष्ट किया कि सत्ता एक साधन की तरह है। वह भोग करने के लिए नहीं है। उसका प्रयोग जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया जाना चाहिए। संगठन मंत्री बीएल संतोष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 वर्षों में सत्ता का प्रयोग भोग के लिए नहीं, बल्कि कई खामियों को दूर करने और जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया है।

अपने साक्षात्कार में बीएल संतोष ने इन प्रश्नों के उत्तर भी दिए हैं कि भाजपा के संगठन का विस्तार कैसे हुआ, संगठन में निर्णय कैसे होते हैं, क्या भाजपा में निर्णय की प्रक्रिया केंद्रीकृत हो गई है और भाजपा व्यक्ति केंद्रित है या संगठन केंद्रित।संगठन महामंत्री ने संगठन प्रक्रिया के बारे में बताते हुए एक उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि एक बहुत छोटा निर्णय होना था, जो एक व्यक्ति कर सकता था। परंतु उन्होंने इसके लिए 17 अलग अलग लोगों से विचार विमर्श किया और उनकी राय को टाइप करके राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेजा। इसके बाद भी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनको फोन करके पूछा कि इस पर उनकी क्या राय है। उसके बाद निर्णय किया गया।

इस तरह उन्होंने बताया कि भाजपा में निर्णय की प्रक्रिया कितनी लोकतांत्रिक है और कितनी विकेंद्रित है। वहां हर निर्णय के पीछे अनेक लोगों की राय होती है और निर्णय उस पर आधारित होता है। इसका अर्थ है कि भाजपा में ऊपर से निर्णय थोपे जाने की जो बात करते हैं उनको इसके कामकाज के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है।

भाजपा नेतृत्व के व्यक्ति केंद्रित होने के आरोप भी विपक्षी पार्टियों की ओर से अक्सर लगाए जाते हैं। परंतु भाजपा में ऐसा बिल्कुल नहीं है। हां, यह अवश्य है कि प्रधानमंत्री या अध्यक्ष हैं तो उनको श्रेय मिलेगा या उनकी बात महत्वपूर्ण होगी परंतु सारे फैसले वे नहीं करते हैं। राष्ट्रीय महामंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे पूर्व उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू की एक वन लाइनर के जरिए इसकी व्याख्या की। वेंकैया नायडू अक्सर कहा करते थे कि 'प्रेसिडेंट प्रिजाइड, पार्टी डिसाइडझ। इसका अर्थ है कि पार्टी का अध्यक्ष निर्णय प्रक्रिया की बैठकों की अध्यक्षता करेगा लेकिन निर्णय पार्टी करेगी। यह भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है, जिसका मुकाबला कोई दूसरी पार्टी नहीं कर सकती है। इसकी बारीकी में जाएं तब इस बात का महत्व समझ में आता है।

उन्होंने यह भी कहा कि सिद्धांत तय करने की प्रक्रिया केंद्रीकृत है लेकिन उस सिद्धांत पर अमल की प्रक्रिया विकेंद्रित और पूरी तरह से लोकतांत्रिक है। इसका भी उन्होंने उदाहरण दिया और कहा कि भाजपा के 16 हजार मंडल हैं। इसको लेकर एक सिद्धांत तय हुआ कि मंडल अध्यक्ष 45 वर्ष से ज्यादा आयु का नहीं होगा। यह सिद्धांत तय होने के बाद राष्ट्रीय नेतृत्व की भूमिका समाप्त हो गई। इसके बाद किस मंडल का अध्यक्ष कौन होगा यह बिल्कुल जमीनी स्तर पर पार्टी तय करेगी। उस प्रदेश के मुख्यमंत्री की भी इसमें कोई भूमिका नहीं होती है। इसी तरह भाजपा के संगठन विस्तार की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने 14 करोड़ सदस्य बनाए हैं और यह काम पार्टी का शीर्ष नेता नहीं कर रहा था।

इसमें पार्टी के 57 लाख नेता और कार्यकर्ता लगे। सबने पांच या 10 या उससे ज्यादा सदस्य बनाए, तब भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी। इन सब बातों की बारीकियों को समझे बगैर न तो आरएसएस को समझा जा सकता है, न भारतीय जनता पार्टी को समझा जा सकता है और न दोनों संगठनों के संबंधों को समझा जा सकता है।

बहुत अच्छा संयोग है जो संघ प्रमुख ने भी अपने व्याख्यानों से भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया है तो संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने भी समस्त भ्रांतियों को दूर किया है। आशा है कि इससे आरएसएस और भाजपा को समझने की दृष्टि स्पष्ट होगी।

# सुशासन, संवेदना और सुरक्षा : श्रमिक हित में छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष

**छगनलाल लोन्हारे**

सुशासन केवल प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की संकल्पबद्ध प्रक्रिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन का श्रम विभाग विगत दो वर्षों में इसी सुशासन की भावना को धरातल पर साकार करता हुआ दिखाई देता है। इस अवधि में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, उनके जीवन को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने तथा उन्हें सामाजिक–आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए अनेक ऐतिहासिक और जनहितकारी कदम उठाए गए हैं।

विष्णु के सुशासन की स्पष्ट झलक श्रम विभाग द्वारा अपनाए गए डिजिटल नवाचारों में दिखाई देती है। प्रशासनिक पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से समस्त नस्तियों का संधारण ई–ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रारंभ किया गया है। विभागीय योजनाओं और सेवाओं को आमजन के लिए सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाने हेतु एक आधुनिक, यूज़र–फ्रेंडली विभागीय वेबसाइट विकसित की गई है। श्रमिकों की सुविधा को केंद्र में रखते हुए तैयार किया गया 'श्रमेव जयतेझ मोबाइल ऐप श्रमिक पंजीयन, योजनाओं में आवेदन तथा श्रमिक पलायन की ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है, जो डिजिटल सुशासन की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।राज्य के नवगठित जिलों तक श्रम विभाग की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए पाँच नवीन श्रम पदाधिकारी कार्यालयों की स्थापना हेतु 20 पदों का सृजन किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2024–25 के दौरान श्रमायुक्त संगठन अंतर्गत श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं उप निरीक्षक के पदों पर कुल 32 नई नियुक्तियाँ की गईं। इन प्रयासों से न केवल विभागीय कार्यों में गति आई, बल्कि श्रमिकों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ भी सुनिश्चित हुईं।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने श्रम कानूनों में आवश्यक और संतुलित सुधार करते हुए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और श्रमिक हितों के मध्य सामंजस्य स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 2017 के प्रभावी क्रियान्वयन से छोटे व्यापारियों को राहत मिली, वहीं नियत कालिक नियोजन कर्मकार की नई श्रेणी ने रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोले।

राष्ट्रपति की अनुमति के उपरांत लागू किए गए छत्तीसगढ़ श्रम कानून संशोधन एवं विविध प्रावधान विधेयक, 2025 के माध्यम से अवैधानिक हड़ताल पर नियंत्रण, छोटे अपराधों में समझौते तथा लघु उद्योगों को छूट जैसे प्रावधान किए गए। महिला सशक्तिकरण की दिशा में रात्रि पाली में महिला कर्मकारों के सशर्त नियोजन की अनुमति देना सरकार की प्रगतिशील और संवेदनशील सोच को दर्शाता है।

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में श्रमिक कल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सरकार की मानवीय प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। विभिन्न श्रम मंडलों के माध्यम से दो वर्षों में 11.03 लाख नए श्रमिकों का पंजीयन किया गया तथा 27.33 लाख श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस अवधि में 784.73 करोड़ रुपये से अधिक की राशि श्रमिक कल्याण पर व्यय की गई, जो यह दर्शाती है कि यह सरकार आंकड़ों से आगे बढ़कर संवेदना के साथ श्रमिकों के जीवन में बदलाव ला रही है।

24म7 संचालित मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र ने शिकायत निवारण और पंजीयन प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाया है। वहीं प्रत्येक जिले और विकासखंड में संचालित मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केंद्रों ने प्रशासन को सचमुच श्रमिकों के द्वार तक पहुँचाया है। निर्माण श्रमिकों के पंजीयन में स्व–घोषणा प्रमाण पत्र की व्यवस्था ने प्रक्रियाओं को सरल किया, जबकि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के माध्यम से सैकड़ों श्रमिक परिवारों को अपने पक्के आवास का सपना साकार करने में सहायता मिली। मिनीमाता महतारी जतन योजना एवं असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना के अंतर्गत लाखों महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता प्रदान की गई, जिससे मातृत्व सुरक्षा को नया संबल मिला।

श्रमिक परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शिक्षा, पोषण और सामाजिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग, छात्रवृत्ति, मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन तथा नोनी–बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना जैसी पहल ने शिक्षा के प्रति विश्वास को मजबूत किया है। शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के अंतर्गत मात्र पाँच रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सुशासन की मानवीय और संवेदनशील आत्मा को दर्शाता है।

# राहु केतु का जलवा सिर्फ दर्शकों तक सीमित नहीं



राहु केतु इस वक्त पूरे फुल फॉर्म में है और फिल्म इंडस्ट्री ने भी इस पर नोटिस लेना शुरू कर दिया है। जैसे ही ट्रेलर रिलीज़ हुआ, माइथोलॉजी और कॉमेडी का ये हटके कॉम्बिनेशन सोशल मीडिया पर छा गया। दमदार गाने हों, दिलचस्प टीज़र या फिर एक बिल्कुल नई और अनदेखी दुनिया–राहु केतु हर वजह से ट्रेंड कर रही है। ऊपर से अलग–अलग शहरों में हुए कॉलेज विज़िट्स ने एक्साइटमेंट को और भी हाई कर दिया है, ये साबित करते हुए कि राहु केतु को लेकर पागलपन बिल्कुल रियल है। लेकिन ये प्यार सिर्फ ऑडियंस और फैंस तक ही सीमित नहीं है। फिल्म को इंडस्ट्री के दिग्गजों से भी भरपूर शुभकामनाएं मिल रही हैं। अमिताभ बच्चन, सलमान खान और संजय दत्त जैसे बड़े नामों ने टीम को बधाइयां दी हैं। इनके साथ अली फज़ल और ऋत्विक धनजानी ने भी अपना सपोर्ट भेजा है, जिससे फिल्म को लेकर बढ़ती एक्साइटमेंट और मजबूत हो गई है।वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे की तिकड़ी के साथ, फिल्म ह्यूमर, अफरा–तफरी और चार्म का फ्रेश डोज़ देने का वादा करती है। विपुल विग के डायरेक्शन डेब्यू वाली इस फिल्म में चंकी पांडे, अमित सियाल, मनु ऋषि चड्ढा और सुमित गुलाटी जैसे दमदार कलाकार भी हैं, जो राहु केतु की दुनिया को और भी रंगीन, लेयर्ड और जबरदस्त एंटरटेनिंग बनाते हैं। लगातार बढ़ता बज़ और हाई लेवल एक्साइटमेंट ये साफ कह रहा है कि राहु केतु इस सीज़न की सबसे ज़्यादा इंतज़ार की जाने वाली एंटरटेनर फिल्मों में से एक बनने वाली है।

## वनडे क्रिकेट: न्यूजीलैंड के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

नईदिल्ली, वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ कई बल्लेबाजों ने अपने बल्ले से खास छाप छोड़ी है। कीवी टीम के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने इन खिलाड़ियों ने दबाव में टिककर रन बनाए और टीम को जीत की राह दिखाई। निरंतर प्रदर्शन और बड़ी पारियों के दम पर ये बल्लेबाज रिकॉर्ड बुक में दर्ज हुए। ऐसे में आइए इस प्रारूप में न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों पर एक नजर डाल लेते हैं। पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिग हैं। उन्होंने साल 1995 में कीवी टीम के खिलाफ अपना पहला वनडे मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 2011 में इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नजर आए थे। उन्होने 51 वनडे मुकाबले खेले थे और इसकी 50 पारियों में 45.83 की औसत से 1,971 रन बनाने में सफल रहे थे। उनके बल्ले से 6 शतक और 12 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 141* रन रहा था। सूची में दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली हैं। उन्होंने 2010 में पहली बार न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे मुकाबला खेला था।

# टीम इंडिया को लगा बड़ा झटका, तिलक के बाद एक और खिलाड़ी टी20 सीरीज से हुआ बाहर

नईदिल्ली, ऐसा लग रहा है जैसे जैसे टी20 वर्ल्ड कप करीब आ रहा है वैसे वैसे इंजरी भारतीय खिलाड़ियों का पीछा करना भी शुरू कर दिया है. अब तक भारतीय टी20 वर्ल्ड कप टीम के दो खिलाड़ी चोटिल हो कर वर्ल्ड कप से पहले खेली जाने वाली टी20 सीरीज से बाहर हो चुके हैं. ताजा मामला टीम के ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का है, जो चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज पहले ही बाहर हो चुके हैं, अब टी20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं.



हालांकि, बीसीसीआई ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की और न ही उन्होंने टी20 सीरीज में उनकी जगह किसी दूसरे खिलाड़ी के नाम का ऐलान किया है. बता दें कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज 21 जनवरी से शुरू होगी, जो टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत की आखिरी सीरीज होगी. न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मैच हाल ही में वडोदरा में खेला गया था. जिसमें वॉशिंगटन सुंदर को साइड स्ट्रेन की वजह से मैच से बाहर होना पड़ा था. इस वजह से उन्होंने उस मैच में केवल पांच ओवर ही फेंके. हालांकि वह पारी में बल्लेबाजी करने आए, लेकिन क्रीज पर उन्हें परेशानी हो रही थी. नतीजतन, उस मैच के बाद बीसीसीआई ने घोषणा की कि वह बाकी वनडे सीरीज से बाहर रहेंगे. उनकी जगह आयुष बडोनी को वनडे टीम में शामिल किया गया. क्या न्यूजीलैंड सीरीज मिस करने वाले सुंदर अगले महीने 7 तारीख से शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप तक ठीक हो पाएंगे?

# बॉर्डर 2 के रिलीज से पहले वरुण धवन ने होशियार सिंह दहिया के परिवार से की मुलाकात



बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर 2 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में अभिनेता वरुण धवन मेजर होशियार सिंह दहिया का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म की रिलीज के पहले अभिनेता ने उनके परिवार संग मुलाकात की। इसकी कुछ तस्वीरें अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। इस मुलाकात में धानो देवी (होशियार सिंह की पत्नी) ने वरुण को सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया।

अभिनेता ने पोस्ट कर लिखा, "पीवीसी होशियार सिंह दहिया जी की पत्नी धानो देवी जी और उनके बेटे कर्नल सुशील कुमार दहिया से मिलकर मैं खुद को बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उनका आशीर्वाद पाकर उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का मौका मिलना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मैं दिल से आभारी हूं। जय हिंद।"

अभिनेता की पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रही है। वे कमेंट सेक्शन में तरह–तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## हैप्पी पटेल : खतरनाक जासूस में रूपा का किरदार निभाना रहा मुश्किल: मिथिला पालकर

त्रिभंगा, कारवां और चॉपस्टिक जैसी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री मिथिला पालकर के हाथ बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। अब मिथिला वीर दास और आमिर खान के साथ काम कर खुद को लकी महसूस कर रही हैं। अभिनेत्री मिथिला पालकर ने आईएएनएस से खास बातचीत में फिल्म से जुड़े अनुभव शेयर किए और ये भी बताया कि आमिर खान के साथ काम करना कैसा लगा। हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस में मिथिला पालकर ने महत्वपूर्ण रोल प्ले किया है। फिल्म को हां करने के सवाल पर अभिनेत्री ने कहा कि न करने का सवाल ही पैदा नहीं होता है क्योंकि ये मेरे करियर की पहली कॉमेडी फिल्म है और फिल्म से इतने बड़े लोग जुड़े हैं, जिन्होंने अपने करियर में कमाल किया है। फिल्म आमिर खान के प्रोडक्शन में बन रही है और मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। फिल्म हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस में अपने किरदार पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि फिल्म मेरे लिए भी बहुत अलग है।

# इंडिया ओपन टूर्नामेंट को लेकर फिर विवाद, पक्षियों की बीट के बाद स्टेडियम में आया बंदर

नईदिल्ली,दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में चल रहे इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दौरान बुधवार को एक बंदर दर्शक दीर्घा में नजर आया, जिससे आयोजकों की मुश्किलें और बढ़ गईं। आयोजकों ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। बंदर के अचानक दिखने से स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का ध्यान भटक गया और सोशल मीडिया पर भी यह मामला तेजी से वायरल हो गया, जिस पर लोग तरह–तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। आइए पूरी खबर पर नजर डालते हैं। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि पिछले 20 दिनों से अधिकारी और स्टेडियम स्टाफ लगातार काम कर रहे हैं और इस दौरान यह पहली ऐसी घटना है। उन्होंने इसे एक



आकस्मिक चूक बताया और कहा कि संभव है कोई दरवाजा गलती से खुले रह जाने के कारण बंदर स्टेडियम के भीतर दाखिल हो गया। इस मामले ने तब और ज्यादा तूल पकड़ा, जब एक फोटोग्राफर ने बंदर की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर दीं। संजय ने आगे कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं कि स्टेडियम के सभी दरवाजे पूरी तरह सुरक्षित तरीके से बंद रहें। स्टेडियम के चारों ओर पर्याप्त हरियाली है, जो प्राकृतिक वातावरण का हिस्सा है और हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर सुरक्षित और नियंत्रित खेल माहौल बनाए रखने पर लगातार काम कर रहे हैं। डेनमार्क की खिलाड़ी मिया ब्लिचफेल्ड्ट ने टूर्नामेंट के पहले दिन स्टेडियम परिसर के वातावरण को अस्वस्थ बताया था। डेनमार्क की महिला शटलर ब्लिचफेल्ट ने इंडिया ओपन में गंदगी को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि दिल्ली की मेजबानी में पिछले साल के अनुभव से कोई खास सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने फर्श पर गंदगी और वार्म–अप एरिया में पक्षियों की बीट जैसी समस्याओं पर ध्यान दिलाया। इसके साथ–साथ उन्होंने बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन से इस साल के आखिर में भारत में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की समीक्षा करने का आग्रह किया था।

## एक नजर

### कार्यक्रम का आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार :राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोटद्वार द्वारा मेहरबान सिंह कंडारी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मकर संक्रांति के अवसर पर मकर संक्रांति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह चंदन सिंह नकोटी ने आपने उदबोधन में बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मकर संक्रांति पर सामाजिक समरसता का भाव के जागरण का कार्य करता है । संघ के 6 उत्सव में से मकर संक्रांति पर स्वयंसेवक अच्छा तिल उड़द की खिचड़ी का कार्यक्रम समरसता के भाव से मनाते हैं जो समाज संगठन और सशक्तिकरण का कार्य करता है । कार्यक्रम में जिला संघ चालक विष्णु अग्रवाल, जिला प्रचारक कमल , जिला विभाग प्रचारक प्रमुख जितेंद्र रावत, जिला बौद्धिक प्रमुख संदीप , जिला प्रचार प्रमुख अरविन्द दुदपुड़ी, बिजेंद्र ,अश्वनी, हेमेंद्र प्रवीन,धस्माना ,मुकेश बहुखंडी, रविन्द्र, राजेश, दिनेश जुयाल, राजगौरव नौटियाल शांता बामराडा, गोपाल कृष्ण बड़थवाल, बिपुल उनियाल, कपिल रतूड़ी, बृजमोहन शशि मोहन उनियाल उपस्थित ।

### मकर संक्राति के महत्व की दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : मेहरबान सिंह कंडारी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों को मकर संक्रांति के महत्व के बारे में बताया गया।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के सहविभाग कार्यवाह चंदन नकोटी ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ मकर संक्राति पर सामाजिक समरसता का भाव जागरण का कार्य करता है। कहा कि संघ के छह उत्सवों में एक मकर संक्राति पर स्वंय सेवक तिल उड़द की खिचड़ी बनाकर पर्व को समरसता के भाव से मनाते है। कहा कि राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ समाज संगठन व सशक्तीकरण का कार्य करता है। इस मौके पर जिला संघ चालक विष्णु अग्रवाल, जिला प्रचारक कमल, जिला विभाग प्रचारक जितेंद्र रावत, बौद्धिक प्रमुख अरविंद दुदपुड़ी, बिजेंद्र, अश्वनी, हेमेंद्र, प्रवीन धस्माना, राजगौरव नौटियाल, शांता बमराडा, गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, बिपुल उनियाल, कपिल रतूड़ी मौजूद रहे।

### सेना दिवस पर पूर्व सैनिक मनोज सेमवाल सम्मानित

रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय सेना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिक हवलदार मनोज सेमवाल को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद केदारनाथ यात्रा में किए गए उल्लेखनीय कार्य करने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने दिया। देहरादून लोकभवन में आयोजित एक शाम सैनिक के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें मनोज सेमवाल को यह सम्मान दिया गया। इससे पूर्व सेमवाल ने 2013 में केदारनाथ में आई आपदा के दौरान कर्नल अजय कोठियाल के नेतृत्व में धाम के पुनर्निर्माण में उल्लेखनीय कार्य किए। उनकी ओर से केदारनाथ पैदल मार्ग पर पॉलिथीन उन्मूलन व घोड़े खच्चरों की लीद निवारण में भी उल्लेखनीय कार्य किए गए। सेवानिवृत्ति के बाद वह स्वरोजगार कर रहे हैं और बीस से अधिक युवाओं को रोजगार दे रहे हैं। सेमवाल को सम्मानित करते हुए राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि जहां रिटायरमेंट के बाद सैनिक रोजगार तलाशते हैं वहीं मनोज सेमवाल ने रोजगार सृजित कर अनुकरणीय मिसाल कायम की है। सेमवाल को सम्मानित किए जाने पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, दायित्वधारी चंडी प्रसाद भट्ट, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला आदि ने खुशी जताई।

# नाली हुई गायब, हाईवे पर बह रही गंदगी


कोटद्वार के मुख्य डाकघर के समीप नाली गायब होने से सड़क पर बहता गंदा पानी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : एक ओर जहां नगर निगम वर्षा जल निकाली के लिए योजना तैयार कर रहा है। वहीं, शहर में सड़क किनारे नालियां गायब होने से घरों का गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। इससे व्यापारियों व आसपास के लोगों को संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। जगह-जगह फैली गंदगी के कारण आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। शहर में शायद ही कोई ऐसा वार्ड हो जहां क्षतिग्रस्त नालियों के कारण सड़क पर बहता गंदा पानी न दिखाई दें। अव्यवस्थाओं के कारण लगातार शहर की सूरत बिगड़ती जा रही है। सबसे बुरी स्थिति झंडाचौक से राजकीय बेस चिकित्सालय के मध्य बनी हुई है। यहां मुख्य डाकघर के बाहर नाली गायब होने से गंदगी सड़क पर बहती रहती है। जबकि, उसी के समीप जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी का भी आवास है। मानपुर, पदमपुर व शिवपुर क्षेत्र के साथ ही भाबर के विभिन्न वार्डो में भी यह स्थिति देखने को मिल रही है। नजीबाबाद रोड, घराट रोड में तो कई लोगों ने नाली पर ही पक्का निर्माण करवा दिया है। जिसके कारण गंदे पानी की निकासी नहीं हो पाती और गंदगी सड़क पर ही बहती रहती है। गंदगी के कारण व्यापारियों का अपने प्रतिष्ठानों में बैठना भी मुश्किल हो जाता है। साथ ही आसपास के लोगों को संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है।

# ग्रास्टनगंज में गुलदार की धमक, पालतू कुत्तों को बना रहा निवाला

जयन्त प्रतिनिधि।


कोटद्वार के ग्रास्टनगंज में एक भवन के आंगन में पहुंचा गुलदार

कोटद्वार : पहाड़ के साथ ही मैदान में भी गुलदार की धमक बनी हुई है। कोटद्वार क्षेत्र के अंतर्गत ग्रास्टनगंज में पिछले कई दिनों से गुलदार की धमक बनी हुई है। एक सीसीटीवी फुटेज में गुलदार घर से पालतू कुत्तें को उठाकर ले जाता हुआ दिखाई दे रहा है। वहीं, दूसरे सीसीटीवी फुटेज में गुलदार सिद्धबली मार्ग में घूम रहा है। आबादी में बढ़ रही गुलदार की धमक से लोगों में दहशत बनी हुई है।

नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत ग्रास्टनगंज का अधिकांश भाग जंगल से सटा हुआ है। ऐसे में लैंसडौन वन प्रभाग के जंगल से निकलकर गुलदार आबादी क्षेत्र में पहुंच रहा है। कुछ दिन पूर्व गुलदार ग्रास्टनगंज से सनेह को जाने वाली सड़क पर भी देखा गया। वहीं, सोशल मीडिया पर भी गुलदार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह घर के बाहर से एक पालतू कुत्ते को मुंह में दबाकर भागता हुआ नजर आ रहा है। आबादी में लगातार बढ़ रही गुलदार की धमक ने वार्डवासियों को दहशत में डाल दिया है।

वार्डवासियों का कहना है कि इस संबंध में वह कई बार वन विभाग को भी सूचना दे चुके हैं। लेकिन, अब तक समस्या को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। वार्डवासियों को बच्चों व बुजुर्गों की चिंता बनी हुई है। कहा कि वन विभाग को जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर गुलदार को कैद करना चाहिए।

## हर्षित घनशाला का उत्तराखंड क्रिकेट टीम में हुआ चयन

जयन्त प्रतिनिधि।



कोटद्वार : एकेश्वर के ग्राम सिरोली-मुंडियाफ गांव निवासी हर्षित घनशाला का अंडर-14 क्रिकेट टीम में उत्तराखंड की टीम से आलराउंडर खिलाड़ी के तौर पर चयन हुआ है। क्रिकेट टीम में चयन होने पर क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर छाई है।

हर्षित के पिता अजय घनशाला संस्कृत विद्यालय रीठाखाल में प्रधानाचार्य है व माता लक्ष्मी घनशाला कुशल गृहणी है। पिता अजय घनशाला ने बताया कि हर्षित घनशाला कक्षा आठवीं का विद्यार्थी है। पढ़ाई के साथ खेल में भी आज उसे सफलता मिली है। जिसमें हर्षित के कोच राकेश नेगी और दीपचंद बौठियाल का अहम योगदान है। उत्तराखंड से चयनित होकर अंडर-14 क्रिकेट टीम देहरादून से मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुई। यह टीम पांच राज्यों के साथ होने वाले क्रिकेट मुकाबलों में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्कर जोशी, सुमन ढौंडियाल सहित परिजनों ने खुशी व्यक्त की है।

## अग्निवीर भर्ती रैली: पहले दिन 1148 युवाओं ने किया प्रतिभाग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार में अग्निवीर भर्ती रैली का शुभारंभ हो गया है। प्रथम दिन चमोली जिले के विभिन्न तहसील से पहुंचे यवाओं ने भर्ती के लिए अपना दम दिखाया। पंजीकृत 1148 युवाओं में से 1100 युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। 48 युवा अनुपस्थित रहे।

गुरुवार से कोटद्वार स्थित सेना के विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह कैंप स्थित मैदान में भर्ती प्रक्रिया शुरु हो गई है। जिसमें सात जिले के करीब 13 हजार युवा प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रथम दिन चमोली जनपद की आदिबद्री, चमोली, देवाल, गौरसैण व घाट तहसीलों के युवाओं ने प्रतिभाग किया। इन तहसीलों से 1148 युवाओं ने आवेदन किया था। जिसमें से 1100 युवा ही मैदान में पहुंचे। दौड़ में सफल रहे युवाओं को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए आगे भेजा गया। भर्ती रैली को लेकर युवाओं में खासा उत्साह बना हुआ था। मध्यरात्रि से ही युवा भर्ती मैदान के बाहर काशीरामपुर तल्ला स्थित मैदान में जुटने शुरु हो गए थे। सुबह करीब चार बजे से सैन्य अधिकारियों ने मैदान में जुटे इन युवाओं के दस्तावेजों की जांच शुरु की।


कोटद्वार में भर्ती रैली के दौरान अपना दम दिखाते युवा

## गुरुकुल में महायज्ञ 22 जनवरी से

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कण्वाश्रम स्थित वैदिक आश्रम गुरूकुल महाविद्यालय में 22 से लेकर 25 जनवरी 2026 तक गायत्री महामृंत्युजय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विशेष जड़ीबूटी से तैयार हवन सामग्री से सवा लाख गायत्री महामृंत्युजय महायज्ञ किया जाएगा। गुरूकुल महाविद्यालय के संस्थापक डा. योगीराज विश्वपाल जयंत ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष महायज्ञ का आयोजन किया जाता है, इस वर्ष भी विशेष जड़ी बूटियों से तैयार हवन सामग्री व गाय के घी से सवा लाख गायत्री महामृंत्युजय यज्ञ करने का निश्चय किया गया।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र राजकुमार मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा मुझे व मेरी बहु मोनिका व मेरे नातियों को मारने व झगड़ने को रहता है। मैं अपने पुत्र राजकुमार को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करना चाहता हूं। मेरा पुत्र राजकुमार कोई भी अवैध कार्य करता है तो उसमें मेरे व मेरी बहु व नातियों का कोई भी मामला नहीं रहेगा।

**रामचन्द्र पुत्र मुकन्दी निवासी शिवराजपुर, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार गढ़वाल।**

(1565/21)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम शौर्य (SHAURYA) अंकित हो गया है, जोकि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम शौर्य सिंह बिष्ट (SHAURYA SINGH BISHT) है। जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है। अतः मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम शौर्य सिंह बिष्ट (SHAURYA SINGH BISHT) अंकित किया जाय।

**No. JC-345113N Rank Nb/Sub सूरज सिंह बिष्ट पुत्र सरदार सिंह बिष्ट निवासी ग्राम पाली, पोस्ट जमेली, तहसील लैन्सडौन, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1564/21)


# गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को दूर करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।


आयोजित बैठक में भाग लेते कर्मचारी व अधिकारी

कोटद्वार : अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें परिषद ने गोल्डन कार्ड में आ रही विसंगतियों को दूर करने की मांग उठाई। कहा कि यदि जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कर्मचारी आंदोलन को मजबूर होंगे।

राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वह लंबे समय से समस्याओं के निराकरण की मांग कर रहे हैं। लेकिन, अब तक समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई। संगठन के प्रांतीय संयुक्त मंत्री डा. महावीर सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकार को गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को दूर करते हुए कैंसर, न्यूरो एवं हृदय रोग जैसी बीमारियों के इलाज हेतु मैक्स, जौलीग्रांट, सीएमआई जैसे बड़े अस्पतालों को इसमें शामिल करना चाहिए। प्रांतीय उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कर्मचारियों व अधिकारियों की एसीपी की दस, सोलह व छब्बीस साल वाली पर्वतीय व्यवस्था लागू की जाए। बैठक में पदोन्नति व वेतनवृद्धि की भी मांग उठाई गई। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष संतन सिंह बिष्ट ने अन्य राज्यों पंजाब, राजस्थान की तरह पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली करने की बात कही। पशुपालन विभाग के मनोज जोशी ने पुलिस कर्मचारियों की भांति अन्य विभागों के कर्मचारियों को वर्दी भत्ता देने की मांग की। वक्ताओं ने आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने से पूर्व वेतन विसंगति दूर करने की भी बात कही। डिप्लोमा पशु चिकित्सा सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष हर्षमोहन नेगी ने कहा कि अगर सरकार शीघ्र ही उनकी मांगों को पूरा नहीं करती तो परिषद ने आंदोलनात्मक रणनीति तैयार करेगा, जिसमें पूरे प्रदेश में सभी विभागों के कर्मचारियों के कार्यालयों में जाकर 15 से 31 जनवरी तक गेट मीटिंग, सात फरवरी को प्रत्येक जनपद में धरना-प्रदर्शन, 21 फरवरी को देहरादून में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। 22 फरवरी से 31 मार्च तक परिषद द्वारा प्रदेश के सभी विधायकों व मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। 13 मार्च को देहरादून में परेड ग्राउंड से लेकर सचिवालय तक रैली होगी। बैठक में परिषद के जिलाध्यक्ष मुकेश रावत, मनमोहन चौहान, डा. महावीर बिष्ट, हर्षमोहन नेगी, राकेश तिवारी, मनोज जोशी, राकेश तिवारी, कैलाश थपलियाल, डबल सिंह रावत, ज्योति प्रकाश मिश्रा, संतन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### विवाह पंजीकरण का शत प्रतिशत लक्ष्य 31 तक पूरा करें : डीएम

नई टिहरी। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की प्रगति समीक्षा बैठक लेते हुए डीएम नितिका खंडेलवाल ने वर्ष 2010 के बाद हुई शादियों के पंजीकरण के लिए निर्धारित लक्ष्य को शतप्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी तक अनिवार्य रूप से यूसीसी पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्ट्रेट में आहुत बैठक में डीएम ने कहा कि वर्ष 2010 के बाद यूसीसी पंजीकरण के लिए 19 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लेकिन अभी तक लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि 20 जनवरी तक जिन आवेदनों की स्वीकृति (अभि स्वीकृति/पुष्टि) हो गई है। उनके डाटा की पोर्टल पर अवश्य जांच करें। कहा गया कि शेष अन्य लोगों से फोन पर संपर्क कर उन्हें 31 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी एमएम खान को विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने और तहसीलवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। ईओ चंबा प्रशांत कुमार ने बताया कि किए गए सर्वेक्षण में 103 दंपत्तियों का पंजीकरण किया जा चुका है। अन्य को फोन के माध्यम से जानकारी दी जा रही है।

# कल्जीखाल इलेवन ने जीता थापला क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

### शिमला मनियारस्यूं इलेवन रहा उपविजेता

जयन्त प्रतिनिधि।



पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम पंचायत थापला में देवी का डांडा के बंजर खेतों में पहली बार एक सप्ताह से आयोजित थापला क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच गुरूवार को खेला गया। कल्जीखाल इलेवन ने फाइनल मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। गुरूवार को फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता देवी ने किया। फाइनल मैच शिमला मनियारस्यूं इलेवन और कल्जीखाल इलेवन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शिमला मनियारस्यूं इलेवन ने निर्धारित 15 ओवरों में 130 रन बनाएं। जिसके जवाब में कल्जीखाल इलेवन ने 8 विकेट शेष रहते हुए 12 ओवरों में आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। मैंन ऑफ मैच और मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैस्टमैन का पुरस्कार हरेंद्र सिंह चौहान को दिया गया। जबकि बेस्ट ऑफ बॉलर मलिंगा रहे। हरेंद्र चौहान ने पूरे टूर्नामेंट में सर्वाधिक 240 रन बनाएं और 8 विकेट भी चटकाए। विजेता टीम को 21000 हजार की धनराशि और चमचमाती ट्रॉफी दी गई। वही उपविजेता टीम को 11000 धनराशि एवं ट्रॉफी भेंट की गई। विशिष्ट अतिथि डांडा नागराजा स्टोन क्रेशर के प्रतिनिधि जगमोहन डांगी ने उप विजेता टीम के सदस्यों को ट्रॉफी और नगद धनराशि एवं मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं समय-समय पर होनी चाहिए। ऐसे आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। मैच का आंखों देखा हाल बंटी असवाल, सुशांत कुकरेती, प्रवीन रावत ने सुनाया। इस मौके पर ग्राम प्रधान थापला राकेश कुमार, वरिष्ठ नागरिक इन्द्र सिंह रावत, कमलेश नेगी, बंटी असवाल, विकास रावत, रघुवीर असवाल, मनोज असवाल, प्रदीप असवाल, महिला मंगल दल अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी, वन पंचायत सरपंच श्रीमती रेखा देवी सहित भारी संख्या में गांव की महिलाएं की मौजूदगी रही।

# प्राथमिकता के आधार पर अधिकारी करें शिकायतों का निस्तारण : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।



चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड गैरसैण की न्याय पंचायत आदिबद्री में जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिनसे लोगों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और पात्र लाभार्थियों को लाभ भी प्रदान किया गया। इस दौरान कुल 104 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें सड़क निर्माण में देरी, पेयजल, बिजली, बिना पानी के बिल आने, जंगली जानवरों से फसल नुकसान, स्कूलों में शिक्षकों की कमी, अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत भवन निर्माण जैसी शिकायतें प्रमुख रूप से रहीं। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को भेजा। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क कार्य समय पर पूरे किए जाएं, जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य शीघ्र पूर्ण हों, पूर्ति विभाग समय पर राशन उपलब्ध कराए तथा कृषि विभाग खेतों में घेरबाड़ की व्यवस्था करे। बीडीओ गैरसैण को पीएम आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का सर्वे कर लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए गए। ग्राम प्रधान आदिबद्री आरती बहुगुणा ने पीपलचट्टी से जुगलगढ़ तक सड़क, मैतोली गांव में कढ़ाई-बुनाई केंद्र, पार्किंग, पार्क और पेयजल व्यवस्था की मांग रखी। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पिंडवाली से गौर सिंह शास्त्री ने सड़क निर्माण, हाईस्कूल उच्चीकरण, पंचायत भवन और अस्पताल की मांग रखी। ग्राम प्रधान शिल्पाटा रेखा नेगी ने आंगनबाड़ी केंद्र की मांग की, जिन पर जिलाधिकारी ने प्रस्ताव बनाकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। गंगा सिंह रावत ने जल जीवन मिशन के नलों से पानी नहीं आने की शिकायत की, जिस पर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। विधायक अनिल नौटियाल ने मुख्यमंत्री की इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गांव स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो रहा है और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने अधिकारियों को विभागीय समन्वय से कार्य करने की बात कही। इस दौरान नोडल अधिकारी रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने लोगों से भूदेव ऐप डाउनलोड करने और यूसीसी में पंजीकरण कराने की अपील की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख दुर्गा देवी, परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी, जिला विकास अधिकारी केके पंत, मुख्य चिकित्साधिकारी अभिषेक गुप्ता, एसडीएम सोहन सिंह रांगण सहित सभी विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आईडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

### विद्युत उपभोक्ता सेवा/स्मार्ट मीटर सम्बंधित सूचना/शिकायत/ राजस्व वसूली शिविर/सूचना माह-जनवरी, 2026

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत सभी सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित स्थानों पर विद्युत उपभोक्ता सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों में स्मार्ट मीटर से सम्बन्धित सूचना/शिकायतों, विद्युत बिलों का भुगतान, त्रुटिपूर्ण विद्युत बीजकों में संशोधन, नये विद्युत संयोजन निर्गत करना/वर्तमान विद्युत संयोजनों के विद्युत भार वृद्धि, खराब विद्युत मीटर बदलने, इत्यादि समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। जिसमें सम्बन्धित क्षेत्र के उपखण्ड अधिकारी/अवर अभियन्ता एवं क्षेत्रीय कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।

| क्र० सं० | उपखण्ड अधिकारी का नाम व मोबाईल नं० | दिनांक | समय | शिविर का स्थान | अवर अभियंता का नाम व मोबाईल नं० |
|---|---|---|---|---|---|
| **विद्युत वितरण उपखण्ड – रयूँसी** | | | | | |
| 1 | श्री नवीन कुमार (मो० नं०- 94120 81777) | 21/01/2026 | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक | डुनाऊ | श्री मनोज कुमार (मो० नं०- 73022 57308) |
| 2 | | 22/01/2026 | | बेदीखाल | |
| 3 | | 23/01/2026 | | खिरेरीखाल | श्री कृष्णकान्त थपलियाल (मो० नं०- 94111 10018) |
| 4 | | 24/01/2026 | | शंकरपुर | |
| 5 | | 27/01/2026 | | हल्दूखाल | |
| 6 | | 28/01/2026 | | नैनीडांडा | |
| **विद्युत वितरण उपखण्ड- रिखणीखाल** | | | | | |
| 1 | श्री नवीन कुमार (मो० नं०-94120 81777) | 23/01/2026 | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक | किल्बोखाल/टकोलीखाल | श्री कुलदीप सिंह (मो० नं०- 94111 10015) |
| 2 | | 24/01/2026 | | कोटरीसैण/द्वारी | |
| 3 | | 27/01/2026 | | बसड़ा | |
| **विद्युत वितरण उपखण्ड- थलीसैंण** | | | | | |
| 1 | श्री अभिषेक सिंह नेगी (मो० नं०- 73022 57309) | 23/01/2026 | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक | बुंगीधार | श्री धर्मेन्द्र कुमार (मो० नं०-94111 10014) |
| 2 | | 24/01/2026 | | चाकीसैण | |
| 3 | | 27/01/2026 | | पल्ली | |

अतः इस खण्ड के अन्तर्गत समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह है कि उक्त शिविर में उपस्थित होकर अपने विद्युत बिलों का भुगतान करने एवं उपरोक्त वर्णित सुविधाओं का लाभ उठाने हेतु अवश्य आयें।

पत्रांक : 1057/विविख(नै०)/उपाकालि०/कैम्प
दिनांक : 15.01.2026

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## संक्षिप्त समाचार

### 29 गांव की कानून व्यवस्था रेगुलर पुलिस संभालेगी

उत्तरकाशी। राजस्व पुलिस में शामिल चिन्यालीसौड़ विकासखंड के 29 गांवों की कानून व्यवस्था का जिम्मा अब रेगुलर पुलिस संभालेगी। इन गांवों की सुरक्षा व्यवस्था थाना धरासू को स्थानांतरित हो गई है। इससे गांवों में कानून व्यवस्था और मजबूत होगी। लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को देख रही राजस्व पुलिस के हाथों से दो दर्जन से अधिक गांवों की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा छिन गया है। शासन ने गांवों की कानून व्यवस्था राजस्व पुलिस से स्थानांतरित कर रेगुलर पुलिस को स्थानांतरित कर दी है। गांवों की कानून व्यवस्था रेग्युलर पुलिस संभालेगी। चौकी प्रभारी चिन्यालीसौड़ तस्लीम आरिफ ने बताया कि फिलहाल गांवों में राजस्व पुलिस से स्थानांतरित कर रेगुलर पुलिस को स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने कहा कि गांवों में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने का भरपूर प्रयास रहेगा।

### सर्वाइकल कैंसर की जांच और टीकाकरण से बचाव संभव

देहरादून। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ने सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह के तहत महिलाओं को इस गंभीर बीमारी के प्रति सचेत किया है। अस्पताल ने महिलाओं से नियमित स्क्रीनिंग और समय पर टीकाकरण अपनाने की अपील की है। अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. रश्मि वार्ष्णेय गुप्ता ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर अक्सर चुपचाप विकसित होता है और शुरुआती चरणों में इसके लक्षण दिखाई नहीं देते। नियमित पैप स्मीयर जांच, एचपीवी टेस्टिंग और टीकाकरण ही इसे रोकने का सबसे सशक्त माध्यम है। डॉ. रश्मि ने विशेष रूप से किशोरियों और युवतियों को एचपीवी टीकाकरण के लाभों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लक्षणों का इंतजार करने के बजाय महिलाओं को स्क्रीनिंग को अपनी स्वास्थ्य देखभाल का नियमित हिस्सा बनाना चाहिए।

### यमुना कॉलोनी में हुआ मंदिर का सौंदर्यीकरण

देहरादून। कैंट विधायक सविता कपूर ने गुरुवार को यमुना कॉलोनी स्थित वार्ड संख्या 33 के शिव शक्ति मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य का लोकार्पण किया। यह कार्य विधायक निधि वर्ष के तहत हुआ। विधायक ने उम्मीद जताई कि इससे मंदिर परिसर का सौंदर्य बढ़ने के साथ ही श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर नंदा देवी मंडल द्वारा खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों शामिल हुए। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद संजय सिंगल समेत स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मी पर हमले का आरोपी हुआ दोषमुक्त

देहरादून। दून अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ने और उस पर जानलेवा हमला करने के मामले में जिला जज प्रेम सिंह खिमाल ने आरोपी को बरी कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में पुलिस की विवेचना में खामियों और गवाहों के बयानों में भारी विरोधाभास को आधार मानते हुए आरोपी सरदार अर्जुन सिंह को दोषमुक्त करार दिया। यह मामला 24 अगस्त 2016 का है। जब दून अस्पताल की इमरजेंसी में हुए बवाल के बाद कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। ट्रायल पर सामने आया कि आरोपी का नाम सरदार अर्जुन सिंह है। घटना में पीड़ित के साथी सिपाही बलवंत सिंह ने कोर्ट में गवाही दी कि झगड़ा करने वाले ने पगड़ी नहीं बांधी थी और न ही उसके बाल सरदारों वाले थे। आरोप था कि सिपाही रंजीत सिंह राणा पर धारदार हथियार से हमला हुआ।

कोर्ट में पीड़ित सिपाही ने माना कि हमला चाकू, खुकरी या तलवार से नहीं हुआ था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक खून से सना कड़ा बरामद दिखाया था। फोरेंसिक जांच के लिए उसे भेजा ही नहीं गया। यह साबित नहीं हो सका कि कड़े पर लगा खून घायल सिपाही का ही था। ऐसे कई अन्य संदेह का लाभ आरोपी को मिला।

### आईएसबीटी मॉल में अत्याधुनिक मल्टीप्लेक्स का संचालन शुरू

देहरादून। मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने आईएसबीटी मॉल में बहुप्रतीक्षित अत्याधुनिक मल्टीप्लेक्स का विधिवत संचालन शुरू हो गया है। यहां बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों का प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस मल्टीप्लेक्स के खुलने से क्लेमेंटटाउन, सुभाषनगर, माजरा, कारगी, बंजारावाला और मेहुंवाला जैसे क्षेत्रों के लोगों को अब फिल्मों के लिए शहर के दूसरे छोर पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे न केवल समय बचेगा,

# उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष पहुंचे अल्मोड़ा, विभिन्न मुद्दों पर रखे विचार



अल्मोड। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुरकेती के अल्मोड़ा पहुंचने पर जिला इकाई की ओर से उनका स्वागत–सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी की नीतियों और राज्य से जुड़े प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुरकेती ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उत्तराखंड की राजधानी गैरसैंण, मूल निवास 1950, भू–कानून तथा राज्य में स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर ठोस नीति और जनहित में निर्णय लेना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी ने विधानसभा से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखी, जबकि केंद्रीय युवा अध्यक्ष आशीष नेगी ने युवाओं के रोजगार के सवाल को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नगर क्षेत्र में भ्रमण कर मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ता नंदा देवी मंदिर पहुंचे, जहां पूरे उत्तराखंड की जनता की सुख–समृद्धि की कामना करते हुए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष कुंदन सिंह बिष्ट, पंकज व्यास, गणेश प्रसाद, अल्मोड़ा जिला अध्यक्ष दिनेश जोशी, केंद्रीय मंत्री गिरीश नाथ गोस्वामी, पान सिंह, महिला जिला अध्यक्ष दीपा जोशी, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रघुवर सिंह भाकुनी, प्रदेश संगठन मंत्री नंदन सिंह बिष्ट सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कई ग्राम प्रधानों और युवाओं ने उत्तराखंड क्रांति दल की सदस्यता भी ग्रहण की।

### गढ़वाल विवि में कार्यवाहक कुलसचिव बनें अनीस उज जमान

श्रीनगर गढ़वाल : एचएनबी गढ़वाल केंद्रीय विवि में कार्यवाहक कुलसचिव, वित्त अधिकारी व मुख्य नियंता बदले गए हैं। वर्तमान में कुलसचिव के पद पर प्रो. आरके ढोडी व वित्त अधिकारी के पद पर उपकुलसचिव डॉ. संजय ध्यानी तैनात थे। गढ़वाल विवि में दो वर्षों से अधिक समय से कुलसचिव व वित्त अधिकारी के पद पर स्थायी नियुक्ति नहीं है। कार्यवाहक तौर पर विवि प्रशासन इन पदों पर काम चला रहा है। बृहस्पतिवार को विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने विवि के टूरिज्म विभाग के प्रो. आरके ढोडी के स्थान पर उपकुलसचिव अनीस उज जमान को कार्यवाहक कुलसचिव की जिम्मेदारी सौंपी, जबकि वित्त अधिकारी की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. संजय ध्यानी की जगह पूर्व में कार्यवाहक वित्त अधिकारी व कुलसचिव रहे प्रो. एनएस पंवार को फिर से वित्त अधिकारी की जिम्मेदारी सौंप दी है। इसके साथ ही कुलपति ने प्रो. एसपी सती के स्थान पर प्रो. दीपक कुमार को मुख्य नियंता बनाया है।

# हिमालयी राज्यों में जीरो उत्सर्जन समय की मांग

देहरादून। नेट ज़ीरो उत्सर्जन को एक लक्ष्य के रूप में नहीं, बल्कि विकास की दीर्घकालिक रणनीति के रूप में अपनाना समय की आवश्यकता है। खासकर उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्य के संदर्भ में ये और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। जहां स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों का विकास पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ आजीविका सृजन का मजबूत माध्यम बन सकता है। ये बात इंटरनेशनल सोलर एलायंस के पूर्व महानिदेशक उपेंद्र त्रिपाठी ने गुरुवार को ग्राफिक एरा विवि में नेट जीरो उत्सर्जन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कही। उपेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि नेट ज़ीरो उत्सर्जन की दिशा में होने वाली प्रगति केवल नई तकनीकों के आविष्कार से नहीं, बल्कि मौजूदा तकनीकों के समन्वित और व्यावहारिक उपयोग से संभव है। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. नरपिंदर सिंह ने कहा कि आने वाले वर्षों में ऊर्जा की मांग में तेजी से वृद्धि होना तय है, ऐसे में ऊर्जा उत्पादन के वर्तमान स्रोतों पर पुनर्विचार करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश की लगभग 60 प्रतिशत ऊर्जा आपूर्ति कोयले पर निर्भर है, जिसके कारण ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन लगातार बढ़ रहा है। यह बढ़ता उत्सर्जन न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन में दस तकनीकी सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों और नेट ज़ीरो उत्सर्जन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार–विमर्श होगा। इन तकनीकी सत्रों में सौर ऊर्जा विकास, ऊर्जा भंडारण प्रणालियाँ, ग्रीन हाइड्रोजन , स्वच्छ ऊर्जा के लिए अनुसंधान एवं विकास नीति, संसाधन आकलन, उन्नत सोलर पीवी तकनीक, सोलर अनुप्रयोग, बायो एनर्जी और सतत ऊर्जा समाधान जैसे विषय शामिल हैं। सम्मेलन में देशभर से 120 प्रतिभागी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भाग लेंगे। सम्मेलन में हाइड्रोजन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डा. आरके मल्होत्रा, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के इंटरडिसिप्लिनरी सेंटर फॉर एनर्जी रिसर्च के प्रो. एस दासप्पा, आईआईटी रुड़की के सेंटर फॉर सस्टेनेबल एनर्जी के हेड प्रो. सौमित्र सतापथी के साथ ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर क्लीन एनर्जी रिसर्च के निदेशक डा. बीएस नेगी , सम्मेलन के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डा. संजीव किमोठी , डा. देशबंधु सिंह अन्य विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र–छात्राएं शामिल हुए।

### गौला के सभी गेटों पर खनन मजदूरों को कंबल मिलें

हल्द्वानी। गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में गुरुवार को मजदूरों का एक प्रतिनिधिमंडल डीएलएम कार्यालय पहुंचा। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एडी जोशी को ज्ञापन सौंपकर मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराया।

ज्ञापन में बताया गया कि शीशमहल, राजपुरा सहित कई गेटों पर अब तक मजदूरों को कंबल वितरित नहीं किए गए हैं। केवल एक–दो गेटों पर ही कंबल बांटे गए हैं।

# अराजकता फैलाने वालों पर प्राथमिकी होगी दर्ज : डीएम



रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि में ऋषि अगस्त्य मुनि महाराज की दिवारा यात्रा के दौरान हुए हंगामे को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित करने और अधिकारियों से अभद्रता करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

चिह्नित किए गए रिपेटिटिव ऑफेंडर्स (बार–बार अपराध करने वाले) के खिलाफ गुंडा एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। बृहस्पतिवार देर शाम अगस्त्यमुनि पहुंचे जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रशासन ने दिवारा यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पहले ही पूर्ण कर लिए थे। डोली को मंदिर से गद्दीस्थल तक उसी पारंपरिक मार्ग से ले जाने की व्यवस्था की गई थी जिसका उपयोग वर्ष 2003 और 2009 की यात्राओं में हुआ था। जिलाधिकारी ने आरोप लगाया कि कुछ अराजक तत्वों ने जानबूझकर अव्यवस्था उत्पन्न करने की कोशिश की और गेट को तोड़ दिया। इस कारण न केवल सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंची, बल्कि नेशनल हाईवे–107 पर भी करीब 4 से 5 घंटे तक यातायात बाधित रहा। अराजकता बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन को उपद्रवियों को चिह्नित कर चिन्हित सरकारी संपत्ति को नुकसान, ड्यूटी पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार, नेशनल हाईवे अवरुद्ध करनाः 5 घंटे तक जाम लगाकर जनता को परेशान करना, गुंडा एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

डीएम ने दो टूक कहा कि धर्म की आड़ में किसी भी प्रकार की हिंसा, अनुशासनहीनता या अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### राष्ट्रीय अधिवेशन निरस्त होने पर दिया धरना

उत्तरकाशी। ओडिशा सरकार की ओर से बामसेफ और मूल निवासी संघ का 42वां राष्ट्रीय अधिवेशन निरस्त होने पर संगठन से जुड़े लोगों में आक्रोश है। इसके विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा के बैनर तले लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। उन्होंने फिर से ओडिशा सरकार से अधिवेशन की अनुमति देने की मांग रखी। बृहस्पतिवार को भारत मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक चमन लाल शाह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि कटक ओडिशा में बामसेफ और मूल निवासी संघ का 42वां राष्ट्रीय अधिवेशन वहां की सरकार ने नहीं होने दिया जबकि पहले ही सरकार से अधिवेशन की अनुमति ली गई थी। कहा कि वहां की सरकार को दोबारा से अधिवेशन की अनुमति देनी होगी।

# झूठे आश्वासनों से ऊबे अस्सी गंगा घाटी के ग्रामीण

उत्तरकाशी। अस्सी गंगा घाटी के ग्रामीणों ने गंगोरी–अगोड़ा मोटर मार्ग की स्थिति सुधारने और सेकू गांव के लिए सड़क निर्माण की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि अगर उनकी मांगों पर दस दिन के भीतर अमल नहीं किया गया तो ग्रामीणों को उसके बाद जिला प्रशासन का घेराव करने को मजबूर होना पड़ेगा। कहा कि हर बार ही झूठे आश्वासन दिए जाते हैं लेकिन सड़क की स्थिति आज तक नहीं सुधरी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य गंगोरी–संगमचट्टी–अगोड़ा मोटर मार्ग वर्षों से क्षतिग्रस्त और बदहाल पड़ा है लेकिन आज तक उसकी स्थिति सुधारने के लिए किसी प्रकार के कदम नहीं उठाए गए हैं। सड़क से हर वर्ष देश और विदेश के हजारों पर्यटक और ट्रैकर्स डोडीताल पहुंचते हैं लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति के कारण अब कई पर्यटक आधे रास्ते से लौट रहे हैं। बदहाल सड़क के कारण दुर्घटनाओं में लोग जान गवां चुके हैं लेकिन आज तक विभाग की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। हर बार टेंडर लगाकर सड़क सुधारने का आश्वासन मिलता है। कई बार आंदोलन के बाद भी शासन–प्रशासन की ओर से इसके लिए किसी प्रकार का ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। दूसरी ओर क्षेत्र का सेक्कू गांव आज भी सड़क से नहीं जुड़ पाया है जबकि इस पर दो बार सर्वे करवाया जा चुका है। इसलिए इन गांव के लोगों को आज भी करीब तीन से चार किमी की पैदल दूरी तय करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने कहा कि दस दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर जिला प्रशासन का घेराव किया जाएगा।

# वूमेन एथलेटिक लीग में कम उम्र में खेल प्रतिभा तलाशेंगे

देहरादून। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में 25 जनवरी को अस्मिता वूमेन एथलेटिक्स लीग का आयोजन जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा किया जाएगा। खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, कम उम्र में उनकी प्रतिभा को पहचानने के लिए खेलो इंडिया के तहत अस्मिता वूमेन एथलेक्टिक्स लीग पूरे देश में आयोजित की जा रही है। जिला एथलेटिक्स संघ सचिव केजेएस कलसी ने बताया कि दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. ललित भनोट, भारतीय एथलेटिक्स संघ व इंडियन मिनिस्ट्री आफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स के संयुक्त प्रयासों से खेलो इंडिया के तहत ये एथलेटिक्स लीग हो रही है। जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि इस लीग में अंडर 14 व अंडर 16 आयु वर्ग की बालिकाएं प्रतिभाग कर सकेंगी। अंडर 14 आयु वर्ग में ट्रायथलान ए (60 मीटर, लॉन्ग जंप व हाई जंप), ट्रायथलान बी (60 मीटर, लॉन्ग जंप, 1 किलो शॉट पुट बैक थ्रो), ट्रायथलान सी (60 मीटर, लॉन्ग जंप, 600 मीटर) तथा किड्स जैवलिन के इवेंट, अंडर 16 आयु वर्ग में 60 मीटर, 600 मीटर, हाई जंप, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो व जैवलिन थ्रो के इवेंट होंगे। अंडर 14 आयु वर्ग में भाग लेने वाले एथलीट का जन्म 21–12– 2011 से 20– 12– 2013 के मध्य व अंडर 16 बालिकाओं के लिए 21– 12– 2009 से 20– 12– 2011 के मध्य होना चाहिए। सभी प्रतिभागी बालिकाएं अपने साथ डेट ऑफ बर्थ सर्टिफिकेट, आधार कार्ड व स्कूल आईडी कार्ड लेकर 24 जनवरी को शाम 3 से 5 बजे तक महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में अपना रजिस्ट्रेशन व बिब नंबर ले सकते हैं।

### सरुखेत से दोबाटा तक एनएच चौड़ीकरण पर जताई सहमति

उत्तरकाशी। सरुखेत से दोबाटा तक हाईवे चौड़ीकरण का मामला लंबे समय से लंबित और विवादों में चल रहा था। नगरवासियों की लगातार मांग थी कि एनएच को बड़कोट बाजार से जोड़ा जाए। अब सरुखेत से दोबाटा तक एनएच चौड़ीकरण किए जाने पर लोगों ने सहमति जताई है। हाईवे के सरुखेत से दोबाटा बड़कोट तक एलाइनमेंट के चौड़ीकरण को लेकर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को आम बैठक की गई। बैठक में बड़कोट बाजार से होकर एनएच चौड़ीकरण किए जाने पर आम सहमति बनी। नगरवासियों की लगातार मांग की थी कि एनएच को बड़कोट बाजार से जोड़ा जाए। एलाइनमेंट क्षेत्र में आपत्तियां सामने आने के बाद इस संबंध में एनएच कार्यालय में बैठक आहूत की गई जिसमें विस्तृत चर्चा के बाद सभी पक्षों ने सरुखेत से दोबाटा तक एनएच चौड़ीकरण किए जाने पर सहमति जताई। बैठक में यह भी मांग की गई कि एलाइनमेंट से संबंधित प्रस्ताव को शीघ्र तैयार कर भेजा जाए। बैठक में उपजिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी, पालिकाध्यक्ष विनोद डोभाल, अधिशासी अभियंता मनोज रावत, ईओ उमेश सुयाल, सांसद प्रतिनिधि भरत सिंह रावत मौजूद थे।

# गतिमान परियोजनाओं को निर्धारित समय–सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराया जाए



देहरादून, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरूवार को सचिवालय में प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न अवसरों पर शिलान्यास की गयी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत इन योजनाओं से सम्बन्धित भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने सम्बन्धित विभागों को इन परियोजनाओं की निरन्तर निगरानी कर निर्धारित समय पर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, परन्तु अभी लोकार्पण नहीं हुआ है, ऐसी परियोजनाओं का शीघ्र से शीघ्र लोकार्पण कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को परियोजना का उचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि गतिमान परियोजनाओं को निर्धारित समय–सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके लिए सम्बन्धित विभाग प्रो एक्टिव होकर कार्य करें। मुख्य सचिव ने कहा कि एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित परियोजनाओं को विभाग आपसी तालमेल के साथ समस्याओं का निस्तारण कर परियोजना को पूर्ण कराएं। उन्होंने नियोजन विभाग को भी प्रधानमंत्री जी के शिलान्यास से सम्बन्धित परियोजनाओं की नियमित रूप से मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने एमडी यूजेवीएनएल को लखवाड़ बहुद्देश्यीय परियोजना पर तेजी से कार्य करने हेतु केन्द्रीय जल आयोग को शीघ्र डिजाइन और शेड्यूल उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विभिन्न विभागों की 22015.76 करोड़ लागत की कुल 91 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, जिनमें से 18 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं।

# डीएम अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा समिति की बैठक



हल्द्वानी। विकास भवन सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएफओ आकाश गंगवार ने वनाग्नि की रोकथाम के लिए बनाई गई कार्य योजना की जानकारी दी और वनाग्नि की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों के बारे में बताया। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने वनाग्नि रोकथाम के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग लेने को कहा। स्थानीय लोगों को जोड़कर जागरूकता बैठक आयोजित करने और स्थानीय वन समितियों, युवा व महिला मंगल दलों, आपदा मित्रों, महिला स्वयं सहायता समूह को सक्रिय करने के निर्देश दिए। पुरानी फायर लाइन की सफाई का कार्य तेजी के साथ पूरा कर नई फायर लाइन वनाग्नि से पूर्व बनाने को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जंगलों से पिरूल एकत्रित करने के संबंध में की जा रही कार्रवाई को युद्ध स्तर पर पूरा करने को कहा।

इसके लिए जिला विकास अधिकारी को महिला समूह की सूची वन विभाग को उपलब्ध कराने को कहा।

### कैंसर पीड़ित 70 फीसदी बच्चे हो रहे स्वस्थ : डॉ. कटेवा

हल्द्वानी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने हल्द्वानी के श्री राम हॉस्पिटल में ब्लड डिसऑर्डर्स और बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) में गुरुवार को विशेष ओपीडी का शुभारंभ किया। हल्द्वानी में यह ओपीडी हर माह के तीसरे गुरुवार को दोपहर 12 से दो बजे तक होगी। इस दौरान मैक्स अस्पताल, पटपड़गंज के हीमैटो–ऑन्कोलॉजी, बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. सत्येन्द्र कटेवा बताया कि अब हल्द्वानी में भी मरीजों को प्राइमरी कंसल्टेशन और फॉलो–अप सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मायलोमा जैसे ब्लड कैंसर में समय पर पहचान से इलाज की सफलता बढ़ती है।बच्चों में कैंसर का सही समय पर इलाज होने पर 70 प्रतिशत तक ठीक होने की संभावना रहती है। इम्यूनोथेरेपी, सीएआरटी सेल थेरेपी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसी आधुनिक तकनीकों से मरीजों को बेहतर और दीर्घकालिक जीवन मिल रहा है।

# कच्चाहारी बाबा के संन्यास के 42 वर्ष होने पर रक्तदान किया



पिथौरागढ़। नगर में रेडक्रास के संरक्षक व स्वामी गुरुकुलानंद कच्चाहारी बाबा के 42 वर्ष पूर्ण होने पर लोगों ने रक्तदान किया। डॉ. तारा सिंह के नेतृत्व में लोग जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचे। इस दौरान बारी–बारी से कृष्ण नगरकोटी, बबिता पुनेठा, तुषार पुनेठा, डॉ. नीरज चन्द्र जोशी, आदित्य सौन, कमल कोश्यारी, निकुंज बोरा, अनुज पंगरिय, कनिका, नेहा, राखी नौ लोगों ने रक्त का दान किया। डॉ सिंह ने सभी रक्तदाताओं को च्यवनप्राश भेंट किया। सीएमओ डॉ. एसएस नबियाल ने सराहना की। इससे पूर्व कच्चाहारी बाबा को फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। यहां रेडक्रास चेयरमैन एमसी पन्त, भगवान सिंह, राकेश धामी, जर्नादन पुनेठा, शीला नागी आदि मौजूद रहे।

# पशुपालकों को समय से उपलब्ध कराएं चारा: डीएम



हल्द्वानी। पर्वतीय क्षेत्र में वन्यजीवों की सक्रियता के चलते जिलाधिकारी ने पशुपालकों को समय से चारा उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दिए। यह निर्देश गुरुवार को विकास भवन सभागार में आयोजित जिला, राज्य, केंद्र पोषित और 20 सूत्रीय कार्यक्रमों की मासिक प्रगति समीक्षा बैठक में दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को वित्तीय वर्ष समाप्ति से पहले धनराशि को व्यय करने को कहा। 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा में गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के लक्ष्य में धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की। वहीं स्वास्थ्य विभाग को टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में उरेडा विभाग के अधिकारी के उपस्थित नहीं होने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। हल्द्वानी और नैनीताल नगर क्षेत्र में बार–बार पेयजल लाइन लीकेज की शिकायत पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की। जल संस्थान के अधिकारियों को लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत कर समस्या को दूर करने को निर्देशित किया। वहीं विधायक निधि के तहत कम धनराशि व्यय पर डीएम ने जिला विकास अधिकारी को विधायकों से प्रस्ताव प्राप्त करने को कहा।

# धूमधाम से निकली जगन्नाथ रथयात्रा

देहरादून। श्री श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति विष्णु विहार की 26वीं भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई।उत्साही श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से रथ खींचा। गुरुवार को रथयात्रा का आयोजन नेहरु कॉलोनी–रिस्पना पुल क्षेत्र में धूमधाम किया गया। यात्रा नेहरु कॉलोनी गुरुद्वारे से फव्वारा चौक, नेहरु कॉलोनी की विभिन्न ब्लॉकों की सड़कों से होता हुआ धर्मपुर चौक, रिस्पना पुल होते हुए हरिद्वार बाईपास स्थित विष्णु विहार पहुंची।

श्रद्धालु रथ के आगे झाड़ू बुहार कर मार्ग को स्वच्छ कर रहे थे। मार्ग में जगह–जगह रथयात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। हरिनाम संकीर्तन के साथ ही श्रद्धालु बारी–बारी रथयात्रा को खींच कर खुद को धन्य मान रहे थे। विष्णु विहार स्थित श्री श्री जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा ने विश्राम लिया। यहां सभी भक्तों के लिए विश्राम व प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। समिति अध्यक्ष पुरूषोत्तम दास ने बताया कि रथ पर आरुढ़ भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलदेव, बहन सुभद्रा एवं सुदर्शन चक्र के दर्शन करने या रथ की रस्सी खींचने का विशेष धार्मिक महत्व है।

संस्था द्वारा अब तक 25 रथ यात्राओं का सफल संचालन नित्य लीला प्रविष्ट स्वामी भक्ति योग महाराज की प्रेरणा से किया जा चुका है। रथ यात्रा में मधुबन आश्रम ऋषिकेश के परम अध्यक्ष परमानंद महाराज, राधा गोविंद दास समेत अनेक भक्तगण भी मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com